बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 132 ● नई दिल्ली ● शनिवार 07 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86

### राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर कूदी महिला, सीआरपीएफ ने बचाई जान; पीक आवर में मेट्रो सेवा रही बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां स्थित ब्लू लाइन पर एक महिला ने मेट्रो के आगे कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला के कूदते ही प्लेटफॉर्म के दोनों तरफ शोर और अफरा-तफरी का माहौल छा गया। इसके बाद आनन-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने महिला को ट्रैक से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए ब्लू लाइन पर मेट्रो की सेवाएं भी प्रभावित हुईं। इससे दफ्तर, कॉलेज आदि जाने वाले लोगों को सुबह-सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा और लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने में लेट भी हो गए। कई लोगों ने जहां मेट्रो के आने का वेट किया, वहीं कई लोग मेट्रो छोड़ अपने साधनों से अपनी मंजिल तक पहुंचे।

## दिल्ली मेट्रो की पहली रिंग पूरी, मैजेंटा लाइन का विस्तार; पीएम मोदी 8 मार्च को करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

नई दिल्ली ।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ मार्च को मेट्रो के दो कॉरिडोर चालू हो जाएंगे। इसमें से एक कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिलेगी। वहीं, तीन अन्य कॉरिडोर की नींव भी रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन प्रोजेक्टों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनके पूरा होने के बाद दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को विस्तार मिलेगा। आवाजाही निर्बाध होने से सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होगी। इससे आबोहवा भी साफ होगी इससे पहले दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने पिंक लाइन पर मजलिस पार्कद्धमौजपुर और मैजेंटा लाइन पर दीपाली चौकद्धमजलिस पार्क सेक्शन पर मेट्रो संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रायल रन के बाद कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) ने यात्रियों के लिए संचालन की मंजूरी दे रखी है। वहीं, दिल्ली मेट्रो के फेज-पांच (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी होना है। इन मेट्रो परियोजनाओं की कुल लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन प्रोजेक्टों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके लिए निरंकारी मंडल के सामने डीडीए उत्सव स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह प्रोजेक्ट राजधानी को सही मायनों में विकसित दिल्ली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी।

**दिल्ली की पहली रिंग मेट्रो पूरी, पूर्वी दिल्ली को बड़ी राहत**

मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर सेक्शन की लंबाई 12.3 किलोमीटर है। इसके 8 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से चालू मजलिस पार्क-शिव विहार पिंक लाइन का हिस्सा है। नया कॉरिडोर शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिलेगी। पिंक लाइन का पूरा कॉरिडोर करीब 71.56 किलोमीटर होगी। इस पर मेट्रो चलने से मजलिस पार्क, बुराड़ी, झड़ौदा माजरा, जगतपुर-वजीराबाद, सूरघाट, नानकसर-सोनिया विहार, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और मौजपुर-बाबरपुर जैसे इलाके सीधे मेट्रो से जुड़ जाएंगे।



**मैजेंटा का हिस्सा भी पूरा, नोएडा तक मिलेगी राहत**

दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक का कॉरिडोर मैजेंटा लाइन का हिस्सा है। इसकी लंबाई 9.92 किलोमीटर है। इसमें 7 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से संचालित बोटेनिकल गार्डन-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन मैजेंटा लाइन का विस्तार है। इसके जुड़ने से मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई लगभग 49 किलोमीटर हो जाएगी। इसके चालू होने से दीपाली चौक, मधुबन चौक, उत्तरी पीतमपुरा-प्रशांत विहार, हैदरपुर गांव, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क पहुंचना आसान होगा।

**महत्वपूर्ण रहा यह प्रोजेक्ट**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह कॉरिडोर इंजीनियरिंग की दृष्टि से भी अहम है। दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का एक हिस्सा लगभग 28.36 मीटर की ऊंचाई तक जाता है। यह दिल्ली मेट्रो के एलिवेटेड सेक्शनों में सबसे ऊंचे हिस्सों में से एक है। वहीं, मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर कॉरिडोर के निर्माण में यमुना नदी पर एक नए पुल का निर्माण करना पड़ा और डबल-डेकर वायडक्ट तैयार किया गया। यह दिल्ली मेट्रो का यमुना नदी पर पांचवां पुल है।

**फेज-पांच (ए) के तहत तीन कॉरिडोर का शिलान्यास**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली मेट्रो के फेज-पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण के लिए शिलान्यास करेंगे। इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर, एरोसिटी से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन विस्तार शामिल हैं। रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर की लंबाई 9.913 किलोमीटर होगी और यह भूमिगत बनाया जाएगा। इसमें नौ नए स्टेशन होंगे जिनमें आरके आश्रम मार्ग (निर्माणाधीन), शिवाजी स्टेडियम, युगे-युगेन भारत, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल-हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर कर्तव्य भवनों, भारत मंडपम और युगे-युगेन भारत संग्रहालय जैसे प्रमुख स्थलों को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। दूसरी तरफ एरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार की लंबाई 2.263 किलोमीटर होगी और यह भूमिगत बनाया जाएगा। इसमें एक नया स्टेशन होगा और दोनों पहले से संचालित स्टेशनों को आपस में जोड़ा जाएगा। तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन विस्तार की लंबाई 3.9 किलोमीटर होगी और यह एलिवेटेड कॉरिडोर होगा। इसमें सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज स्टेशन शामिल होंगे।

**नोएडा-फरीदाबाद को भी मिलेगा फायदा**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं से एनसीआर के शहरों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के निवासी वायलेट लाइन के माध्यम से तुगलकाबाद पहुंचकर गोल्डन लाइन के जरिए सीधे एयरपोर्ट का डोमेस्टिक टर्मिनल-1 तक जा सकेंगे। वहीं, नोएडा के यात्री मैजेंटा लाइन से कालिंदी कुंज पहुंचकर गोल्डन लाइन के माध्यम से एयरपोर्ट और दक्षिण दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

## फांसी घर विवाद- विधानसभा समिति के सामने पेश हुए केजरीवाल, बोले- भाजपा स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा से जुड़े फांसी घर मामले में अरविंद केजरीवाल आज दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली विधानसभा का जो परिसर है ये ऐतिहासिक इमारत है। अंग्रेजों के जमाने में जब कलकत्ता से दिल्ली राजधानी ट्रांसफर की गई थी तो उस समय ये इमारत बनाई गई थी। 1912 में ये इमारत बनाई गई थी। इस इमारत में 2022 में तत्कालीन स्पीकर राम निवास गोयल से पता चला कि इस इमारत के एक कोने में एक फांसी घर था। उस फांसी घर में स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी जाती थी। गोयल साहब ने मुझे बुलाया था और कहा था कि इस जगह को पर्यटक के लिए खोलना चाहिए ताकि लोग इससे प्रेरणा ले सके। हमने इसका उद्घाटन किया था। लेकिन जब भाजपा की सरकार आई है वो लोग साबित करने में लगे हुए हैं वो फांसी घर नहीं थी बल्कि टिफिन रूम था। केजरीवाल ने आगे कहा, मैं समझता हूं स्वतंत्रता सेनानियों का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता है। आज मेरे को



विधानसभा बुलाया गया था कि साबित करो वो फांसी घर था। मैंने कहा कि स्पीकर साहब ने सारी जांच करने के बाद किया था लेकिन आप बताए कि आपके पास क्या सबूत है कि वो टिफिन घर था। लेकिन उनके पास कोई सबूत नहीं है। इसका मतलब ये जानबूझकर स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने के लिए उसे फांसी घर नहीं था और टिफिन घर साबित करने में लगे हुए हैं। जब से भाजपा की सरकार दिल्ली में आई है तब से दिल्ली का हाल बुरा है। इनको सिर्फ राजनीति करना है, दिल्ली से मतलब नहीं है। इससे पहले दिल्ली विधानसभा ने केजरीवाल की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग को सिरे से खारिज कर दिया था। दिल्ली विधानसभा ने केजरीवाल को पत्र लिखकर इस अस्वीकृति की जानकारी दी। पत्र के अनुसार, विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है। प्रक्रिया के नियम इसकी लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति नहीं देते हैं। विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही को अत्यंत गोपनीय रखा जाता है।

**आतिशी का भाजपा पर हमला**

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और आम आदमी पार्टी विधायक आतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल को दिल्ली विधानसभा ने फांसी घर के मुद्दे के मामले में बुलाया है। मैं आज भाजपा से पूछना चाहती हूं कि क्या यह दिल्ली का सबसे बड़ा मुद्दा है? भाजपा वायु प्रदूषण या सड़कों के मामले पर चर्चा के लिए किसी को नहीं बुला रही है।

आज न तो विधायक और न ही मीडिया को विधानसभा के अंदर जाने दिया जा रहा है। इससे पता चलता है कि उन्हें (भाजपा) कितना डर है। आम आदमी पार्टी ने 2022 में विधानसभा के एक कमरे को फांसी घर बताकर संरक्षित किया था। जिसका उद्घाटन तत्कालीन अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने 9 अगस्त 2022 को किया। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने पिछली सरकार के इस पूरे काम को खारिज कर दिया और इस रूम को टिफिन रूम करार दिया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप पर दिल्लीवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया और इस पूरे मामले की जांच कराने का एलान किया था।

## सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा पहुंचे ईरान कल्चर हाउस , खामेनेई के निधन पर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली । कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचा और भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा भी उपस्थित थे। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और सहानुभूति जताई। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के निधन पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को ईरानी दूतावास में भारतीय सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब नई दिल्ली ने खामेनेई की हत्या पर प्रत्यक्ष बयान जारी नहीं किया। इसके बजाय, सरकार ने अपने उस पुराने रुख को दोहराया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए।

## यूएस ने दी रूसी तेल खरीद पर 30 दिन की छूट - कांग्रेस ने साधा निशाना, जयराम रमेश बोले- कब तक चलेगा ये ब्लैकमेल

नई दिल्ली । कांग्रेस ने अमेरिकी फैसले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। अमेरिका की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी छूट दिए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे लेकर सवाल उठाए। पार्टी ने पूछा कि आखिर यह अमेरिकी ब्लैकमेल कब तक चलता रहेगा। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक कवितानुमा पोस्ट में कहा कि ट्रंप का नया खेल, दिल्ली दोस्त को कहा, पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा, यह अमेरिकी ब्लैकमेल। इस बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी भारत की मौजूदा विदेश नीति की आलोचना की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति देश की जनता की सामूहिक इच्छा से तय होनी चाहिए। उनके अनुसार यह नीति देश के इतिहास, भूगोल और सत्य व अहिंसा जैसे आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हम आज देख रहे हैं वह कोई नीति नहीं है, बल्कि एक समझौता किए हुए व्यक्ति के शोषण का परिणाम है। इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खड़गे ने भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति के कारण भारत लगातार कूटनीतिक क्षेत्र में अपनी जगह छोड़ता जा रहा है। ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच, अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर 30-दिवसीय अस्थायी छूट जारी करने की घोषणा की है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेस्सेंट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ऊर्जा नीति के कारण तेल और गैस उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल का प्रवाह बनाए रखने के लिए, ट्रेजरी विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए एक अस्थायी 30-दिवसीय छूट जारी कर रहा है। बेस्सेंट ने स्पष्ट किया कि यह जानबूझकर अल्पकालिक उपाय रूसी सरकार को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान नहीं करेगा, क्योंकि यह केवल उन तेल के लेन-देन को अधिकृत करता है, जो पहले से ही समुद्र में फंसे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और वाशिंगटन को उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगी। यह अस्थायी उपाय ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा को बंधक बनाने के प्रयास से उत्पन्न दबाव को कम करेगा। यह ध्यान देने की बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया था। उस समय प्रशासन का तर्क था कि दिल्ली की खरीद रूस के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को बढ़ावा दे रही थी। पिछले महीने, अमेरिका और भारत ने व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक ढांचे पर पहुंचने की घोषणा की थी। इसके बाद, ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगे 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया था, जिसमें नई दिल्ली की मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया गया था।

## कृपया इस्तीफा दे दीजिए लेकिन ट्रंप के सामने झुकिए मत अरविंद केजरीवाल का बड़ा बयान

नई दिल्ली । मिडिल ईस्ट में इन दिनों काफी अफरा-तफरी मची हुई है. इस बीच रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका का मूड बदल गया है. अमेरिका लंबे समय से रूस से तेल की खरीद रोकने को लेकर भारत पर दबाव बनाता रहा है. हालांकि, अब उसी अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों का वक्त और दिया है. इस मुद्दे को लेकर भारत में सियासत तेज हो गई है. विपक्ष की तरफ से लगातार सरकार को निशाना बनाया जा रहा है. इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगर आपकी वाकई कोई ऐसी मजबूरी है जिसका फायदा ट्रंप उठा रहा है, तो भारत और भारतीय हितों की खातिर, कृपया इस्तीफा दे दीजिए पर ऐसे भारत मां का सर मत झुकाइए. सभी देशवासियों को बेहद पीड़ा हो रही है. अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स पोस्ट में मोदी सरकार पर निशाना साधा है. इस बीच उन्होंने लिखा कि भारत को रशिया से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इजाजत की क्यों जरूरत है? भारत को रशिया से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इजाजत की क्यों जरूरत है? उन्होंने आगे लिखा कि पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रंप के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई. अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि पीएम मोदी आखिर आपको ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं. भारत हजारों वर्ष पुराना देश है. भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान देश



है. भारत ने एक से बढ़कर एक वीर योद्धा पैदा किये हैं. आज तक भारत ने किसी भी देश के सामने इस तरह सर नहीं झुकाया. आज तक भारतीय इतिहास में कभी भी भारत का नेतृत्व इतना कमजोर नहीं रहा.

**आप नेता संजय सिंह ने बोला हमला**

आप नेता संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि आपने भारत का स्वाभिमान सम्मान और प्रतिष्ठा सब कुछ अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया है. देश को मालूम है आप एप्सटीन फाइल्स में बुरी तरह फंस चुके हैं. आपका दोस्त अडानी यूएस में भ्रष्टाचार के मामले में फंसा हुआ है उन्होंने आगे कहा कि अब आपको रूस से तेल खरीदने के लिए भी ट्रंप की अनुमति चाहिए. संजय सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत को इतना कायर और कमजोर प्रधानमंत्री नहीं चाहिए आप स्वयं अपने पद से इस्तीफा दे दो.

# इमरान प्रतापगढ़ी के आवास पर हुआ रोज़ा इफ़्तार का एहतेमाम

## आपसी भाईचारा व अमन सलामती की हुई दुआ



मुरादाबाद। दीन ए इस्लाम के सबसे ज्यादा अफ़ज़ल और बरकत वाले माह रमज़ान उल मुबारक में साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के मकसद से रोज़ा इफ्तार का सिलसिला जारी है।इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग एवं रा'यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के नई दिल्ली स्थित आवास पर रोज़ा इफ़्तार का एहतेमाम किया गया। इस मुबारक मौके पर श्री प्रतापगढ़ी ने कहा कि रमज़ान का पाक महीना हमें मोहब्बत, भाईचारे, सब्र और इंसानियत का पैग़ाम देता है। इफ़्तार की इस रूहानी महफ़िल में मुल्क की तरक्क़ी, आपसी सौहार्द और समाज में एकता को मजबूत करने पर भी सार्थक चर्चा हुई।दुआ की गई कि अल्लाह तआला हम सबकी इबादतों को क़ुबूल फरमाए और हमारे देश में अमन, भाईचारा और तरक्क़ी हमेशा कायम रखे। इफ्तार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुरादाबाद निवासी मुहम्मद अहमद खान समेत बड़ी संख्या ने पार्टी पदाधिकारियों और आम रोजदारों ने शिरकत की।

# रमज़ान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी रोज़दारों की भीड़

मुरादाबाद।



रमज़ान मुबारक के तीसरे जुमे पर शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदार नमाज़ अदा करने पहुंचे।

जामा मस्जिद सहित शहर की प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां की गईं और नमाज के बाद अल्लाह से मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने रमजान की फजीलत, रोजे की अहमियत बताते हुए नेक रास्ते पर चलने की नसीहत दी।

उन्होंने कहा कि माहे मुबारक का दूसरा अशरा अन्तिम दौर में है और तीसरे अशरे की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में हमे इबादत में कोई कसर नहीं छोड़नी है। नमाज के बाद लोगों ने रोज़ा, इबादत और नेक अमल की दुआ करते हुए एक-दूसरे को जुमा

## मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

मुबारक भी बोला। जामा मस्जिद के साथ ही शहर की लाल मस्जिद, कुईयां वाली मस्जिद, तख्त वाली मस्जिद, मौलसिरी मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। रमजान के दूसरे अशरे की अहमियत को देखते हुए लोग इबादत में अधिक समय गुजार रहे हैं। उलेमाओं के अनुसार तीसरे अशरे में इबादत का सवाब 'यादा होता है और इसी दौरान शब-ए-कद्र की मुबारक रात भी आती है। प्रशासन की ओर से भी जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। जामा मस्जिद क्षेत्र में फोर्स तैनात रही। अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा ताकि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

मुरादाबाद। दलपतपुर-डूंगरपुर रोड पर गुरूवार को तेज रफ्तार कार की टकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उनकी सात वर्षीय बेटी भी घायल हो गई। मूंढापाण्डे थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापुर निवासी दिनेश (×0) बाइक से पत्नी क्रांति (28) और करीब सात वर्षीय बेटी वंशिका के साथ मूंढापांडे के ग्राम सिरसखेड़ा में अपनी रिश्तेदारी में गये थे। जहां से वे गुरूवार को अपने घर वापस लौट रहे थे। परिजनों ने बताया गया कि जैसे ही वह दलपतपुर-डूंगरपुर रोड पर राजधानी ढाबे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में दिनेश और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भोजपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया, वहीं क्रांति की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया,वहीं बेटी वंशिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर में मृतक दिनेश के भाई गौतम कुमार ने कार चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी, जिसके पर भगतपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# हाईकोर्ट प्रयागराज की अधिवक्ता ने कहा- न्याय व्यवस्था का मूल आधार है समानता और निष्पक्षता

फतेहपुर।

महिलाओं के साथ बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने के लिए नये-नये नियम और कानून बनने के बावजूद महिलाओं के साथ होने वाली विभिन्न प्रकार की आपराधिक घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है।

क्या पीड़ित महिला की जाति-धर्म या वर्ग देखकर जाँच और कार्रवाई की जाति है ?

इस पर हाईकोर्ट प्रयागराज की अधिवक्ता माहीनम हारून ने कहा कि महिलाओं से जुड़े किसी भी प्रकार के अपराध या उत्पीड़न के मामलों में कार्यवाही पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील होनी चाहिए। न्याय व्यवस्था का मूल आधार समानता और निष्पक्षता है। इसलिए किसी भी पीड़िता के साथ उसकी जाति, धर्म, वर्ग या सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव किया जाना न केवल अनैतिक है, बल्कि कानून और



संविधान की भावना के भी विरुद्ध है। कहा कि उनका स्पष्ट मत है कि कानून की दृष्टि में सभी नागरिक समान हैं।

इसलिए महिलाओं के मामलों में जांच और कार्रवाई केवल तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रावधानों के आधार पर की जानी चाहिए। प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों का दायित्व है कि वे बिना किसी पूर्वाग्रह के त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाएं, ताकि पीड़िताओं को समय पर न्याय और

## कानून और संविधान की भावना के विरुद्ध है भेदभाव महिलाओं के मामलों में तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रावधानों के आधार पर हो कार्रवाई अपील-महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा किसी भी प्रकार की अन्यायपूर्ण या पक्षपातपूर्ण प्रवृत्ति का समाज के सभी वर्ग करें विरोध

सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों से भी अपेक्षा है कि वे महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहें तथा किसी भी प्रकार की अन्यायपूर्ण या पक्षपातपूर्ण प्रवृत्ति का विरोध करें।

# जिले में तंबाकू उत्पादों की बढ़ती कीमतें- आखिर जिम्मेदार कौन?

बहराइच।

शहर और नानपारा समेत सभी तहसीलों व कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पादों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है। हालात यह है कि कई दुकानदार एमआरपी से यादा कीमत पर खुलेआम बिक्री कर रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे और ग्रामीण इलाकों में गुटखा-पान मसाला धड़ल्ले से महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। कई जगहों पर 5 और 10 रुपये वाले पाउच 7 से 12 रुपये तक में बिकने की शिकायत सामने आ रही है। बाजार में बिकने वाला सिस्टम गुटखा 10 का 4 मिलता था अब 12 का 3 मिल रहा है कमला



पसंद गुटखा 5 का एक मिलता था अब 7 का एक मिल रहा है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग की अनदेखी या मिलीभगत के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। अगर समय-समय पर जांच और कार्रवाई होती, तो शायद दुकानदारों की यह मनमानी नहीं चल पाती। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है। वहां न तो कीमतों की निगरानी हो रही है और न ही कोई सख्त कार्रवाई, जिससे दुकानदार अपनी मर्जी से दाम बढ़ाकर बेच रहे है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तंबाकू उत्पादों की एमआरपी की सख्ती से जांच की जाए। बाजार में मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित किया जाये। क्या प्रशासन इस महंगाई पर लगाम लगाएगा, या फिर गुटखा-पान मसाले की मनमानी कीमतें यूं ही बढ़ती रहेंगी?

# इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में जनपद के रिकॉर्ड 146 आईडिया चयनित

मुरादाबाद। नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत देश के विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ नवाचारी आईडिया का चयन किया जाता है। इस वर्ष इस योजना के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद में इस योजना के प्रारम्भ से अभी तक रिकॉर्ड 146 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि इस योजना के राजय स्तरीय नोडल अधिकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल, जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पांडेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने आईडिया ऑनलाइन माध्यम से भारत सरकार को भेजे थे। जिसमें से जनपद के बेसिक विभाग के जूनियर हाईस्कूल, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं पब्लिक स्कूल के रिकॉर्ड 146 विद्यार्थियों का चयन किया गया है । इस उपलब्धि पर जनपद मुरादाबाद पूरे प्रदेश में नवें स्थान पर आया है। नोडल ने बताया कि इन विद्यार्थियों को नवाचारी मॉडल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों के बैंक खाते में दस हजार रुपये की धनराशि भेजी जाएगी जिनसे विद्यार्थी अपने आईडिया को मॉडल का मूर्त रूप प्रदान करेंगे। उसके बाद जनपद स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन कराया जाएगा उनमें से चयनित मॉडलों को रा'य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा जिला विद्यालय निरीक्षक, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, नोडल शिक्षकों व चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उ"वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ब'चों में वैज्ञानिक सोच रचनात्मकता, सृजनशीलता का विकास करती है।

# मेजा में दिनदहाड़े किशोरी का अपहरण, परिजनों ने हाईवे किया जाम

मेजा,प्रयागराज।

जनपद प्रयागराज यमुनापार के मेजा में शुक्रवार दोपहर 12 बजे दिनदहाड़े स्कार्पियो सवार बदमाशों ने इंटर की छात्रा का अपहरण कर लिया। छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ ऊंचडीह बस स्टॉप बाजार से मार्केट कर पैदल घर लौट रही थी। छोटी बहन रोती रही लेकिन बेखौफ बदमाश इंटर की छात्रा को जबरी अपनी गाड़ी में बैठा कर भाग गए।

घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो ग्रामीण संग वह सड़क पर आ गए। आक्रोशित परिजनों ने हाईवे पर चक्का जाम कर बेटी की बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। मौके पर मेजा के एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय के साथ मेजा और मांडा पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। मांडा थाना क्षेत्र के लक्षन चौकठा गांव के सूर्य नारायण यादव गांव के समीप ही बिल्डिंग की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार दोपहर में उनकी बड़ी बेटी इंटर की छात्रा पुष्पा यादव (17) अपनी छोटी बहन रूपा यादव (13)



के साथ ऊंचडीह बस स्टॉप बाजार करने गई थी। दोनों बहनें पैदल ही घर लौट रही थीं कि जैसे हाईवे पर भरारी गांव के सामने पहुंची वैसे ही पीछे से तेज स्पीड में ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो आ खड़ी हुई। स्कॉर्पियो से नीचे उतरे दो लोगों ने पुष्पा यादव को जबरन खींचकर स्कॉर्पियो में बैठा लिया और भाग निकले।

*दिन दहाड़े हुई वारदात से

**कानून व्यवस्था पर उठे सवाल**

यह सब देख छोटी बेटी बहन रूपा यादव रोती चिल्लाती रही लेकिन बेखौफ बदमाश उसे लेकर मांडा की तरफ भाग गए। इसकी सूचना परिजनों को हुई तो वह ग्रामीणों संग सड़क पर आ गए। आक्रोशित परिजनों ने लक्षन चौकठा गांव के सामने हाईवे को जाम कर दिया। सूचना पर मेजा के एसीपी संत प्रसाद

## मेजा,मांडा पुलिस व एसओजी टीम द्वारा लड़की को किया सकुशल बरामद

उपाध्याय मेजा थाने के इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह और मांडा इंस्पेक्टर के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए।

परिजनों की मांग है कि बेटी की बरामदगी के साथ बदमाश तत्काल गिरफ्तार किए जाएं। घटना को लेकर मां का रो-रो कर बुरा हाल है। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्रीय विधायक संदीप पटेल मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पर पहुंची मेजा मांडा पुलिस व एसओजी टीम टीम ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए अपहृत लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। मेजा मात्रा व एस ओ जी टीम अपहरणकर्ता की तलाश तेज कर दी है।

